# यूरिया व डीएपी खाद की कालाबाजारी बर्दाश्त नहीं की जायेगी : कलेक्टर

**बीकानेर,**(कासं)। जिला कलेक्टर भगवती प्रसाद कलाल ने सोमवार को विभिन्न विभागों के कार्यों और बजट घोषणाओं के क्रियान्वयन की समीक्षा की। कलाल ने कहा कि जिले में यूरिया, डीएपी सहित अन्य उर्वरकों की कालाबाजारी रोकने के लिए कृषि विभाग सघन जांच अभियान चलाएं। खाजूवाला और छतरगढ़ में विशेष ध्यान दिया जाए। किसी भी स्थिति में उर्वरकों की कालाबाजारी बर्दाश्त नहीं की जायेगी।

उन्होंने कहा कि आदान विक्रेताओं के गोदाम नियमित रूप से चैक किए जाए। यदि निर्धारित से अधिक स्टॉक पाया जाता है तो कड़ी कार्रवाई अमल में लाएं। जिला कलेक्टर ने कहा कि माटी परियोजना के द्वितीय चरण में चयनित 25 गांव के किसानों को पशुधन के लिए बैंकों द्वारा ऋण लेने के लिए प्रेरित करें और उनसे आवेदन लें।

इस कार्य को प्राथमिकता पर रखें। जिला कलेक्टर ने रसद, शिक्षा, सांख्यिकी, खनन, उद्योग, चिकित्सा एवं स्वास्थ्य सहित विभिन्न विभागों के कार्य की प्रगति की समीक्षा की।



बीकानेर कलेक्टर भगवती प्रसाद कलाल ने क्लेक्ट्रेट सभागार में साप्ताहिक समीक्षा बैठक को संबोधित किया।

सहकारिता विभाग के काम की समीक्षा करते हुए भगवती प्रसाद ने कहा कि विभाग लक्षित जीएसएस बनाए जाने के कार्य में तेजी लाएं।

साथ ही ऋण वितरण कार्य भी सुचारू रूप से संपादित किया जाए। जिला कलेक्टर ने कहा कि आम लोगों के स्वास्थ्य की सुरक्षा सुनिश्चित करने के लिए चिकित्सा एवं स्वास्थ्य विभाग द्वारा शुद्ध के लिए युद्ध अभियान के तहत सतत और बड़ी कार्यवाही की जाए।

आगामी त्योहारों के मद्देनजर यह कार्यवाही अधिक अहम है। उन्होंने सैम्पलिंग बढ़ाने के निर्देश दिए और कहा कि मुखबिर तंत्र को मजबूत करें जिससे व्यापक तौर पर कार्रवाई की जा सके।

जिला कलेक्टर ने खनन विभाग की गतिविधियों की समीक्षा करते हुए कहा कि जिप्सम का अवैध खनन को बंद हो इसके लिए लक्ष्य के अनुसार खनन विभाग नियमित पट्टे जारी करें। उन्होंने कहा कि यदि किसी विभाग में

- बजट घोषणाओं के क्रियान्वयन की साप्ताहिक समीक्षा बैठक में दिए ये निर्देश
- निर्धारित मात्रा से अधिक स्टॉक पाये जाने पर कार्रवाई के निर्देश दिए

बजट घोषणाओं से जुड़ी किसी योजना के लिए जमीन आवंटन का कार्य बकाया है तो इसे प्राथमिकता से करवाएं।

बैठक में महिला एवं बाल विकास विभाग उपनिदेशक शारदा चौधरी, जिला उद्योग केन्द्र महाप्रबंधक मंजू नैण गोदारा, सीएमएचओ डॉ मोहम्मद अबरार पंवार, आईटी विभाग के संयुक्त निदेशक सत्येंद्र सिंह, अधीक्षण अभियंता यूआईटी सुरेश बेनीवाल, जिला शिक्षा अधिकारी (माध्यमिक) सुरेंद्र सिंह सहित संबंधित विभागों के अधिकारी उपस्थित थे।

## किसान सम्मेलन का आयोजन

**बीकानेर,**(कासं)। केन्द्रीय शुष्क बागवानी संस्थान में किसान सम्मेलन का आयोजन किया गया जिसमें नई दिल्ली से प्रसारित पीएम किसान सम्मान निधि कार्यक्रम का ऑनलाइन प्रसारण भी हुआ।

इस अवसर पर बीकानेर जिले के आम्बासर और मेघासर के 50 से अधिक अनुसूचति जाति के किसानों को आमंत्रित किया गया था। उद्घाटन सत्र में मुख्य अतिथि निदेशक डॉ. डी. के. समादिया ने कहा कि शुष्क बागवानी यहां विकसित किस्मों एवं उन्नत तकनीक का सुनहरा भविष्य है। कार्यक्रम के समन्वयक और प्रधान वैज्ञानिक डॉ. एस. आर. मीना ने इस अवसर इस कार्यक्रम का उद्देश्य बाताया। प्रशिक्षण में डॉ. मुकेश कुमार जाटव, प्रधान वैज्ञानिक ने किसानों को शुष्क फल एवं सब्जी फसलों के पोषक तत्वों की जानकारी दी।

वैज्ञानिक डॉ. अनिता मीणा ने लवणीय जल के लाभ एवं हानि के बारे में प्रकाश डाला और रूपचंद बलाई ने किसानों को शुष्क बागवानी फसलों में उचित जल प्रबंधन के बारे में विस्तार से समझाया। प्रधान वैज्ञानिक डॉ. बी. आर. चौधरी ने संस्थान द्वारा विकसित सब्जी किस्मों के बीज उत्पादन करने की तकनीक को समझाया। वैज्ञानिक डॉ. महेन्द्र चौधरी ने पौधशाला प्रबंधन पर विस्तार से प्रकाश डाला।

## सार-समाचार

### सड़क सुरक्षा का संदेश दिया



**बीकानेर,**(कासं)। श्रीमती शशिबाला मित्तल स्मृति चेरिटेबल ट्रस्ट द्वारा पूर्व संरक्षक त्रिलोकीनाथ मित्तल की चतुर्थ पुण्यतिथि पर 'सुरक्षित यातायात-सुरक्षित जीवन' विषय पर न्यू सेंटपॉल एवं संवित शिक्षण संस्थान के विद्यार्थियों द्वारा सारगर्भित पोस्टर्स बनाये गये। इन पोस्टर्स को विद्यालय में प्रदर्शित भी किया गया तथा विद्यार्थियों को पुरस्कृत भी किया गया। ट्रस्ट के अध्यक्ष विवेक मित्तल ने बताया कि विद्यार्थियों में सुरक्षित यातायात के प्रति जागरूकता लाने के उद्देश्य से इस प्रतियोगिता का आयोजन किया गया जिसमें विद्यार्थियों ने अपनी मौलिकता का प्रदर्शन करते हुए स्लोगन और चित्रों के माध्यम से यातायात सुरक्षा का सन्देश प्रदान किया। इस अवसर पर ट्रस्ट के दिनेश मित्तल ने विद्यार्थियों द्वारा बनाये गये चित्रों की प्रशंसा करते हुए कहा कि बच्चों में ट्रैफिक नियमों के बारे में जागरूकता आवश्यक है। इससे सड़क दुर्घटना से बचा जा सकता है। डॉ. अभय सिंह ने कहा कि हमें जीवन में प्रत्येक स्तर पर नियमानुसार ही कार्य करना चाहिए। जैसे ही हम नियम विरूद्ध कार्य करते हैं हमें नुकसान उठाना पड़ता है। सड़क पर चलने के भी कुछ नियम हैं जिनका हमें सड़क पर चलते समय पालन करना चाहिए ताकि दुर्घटना से बचा जा सके। मनीषा सिन्हा ने कहा कि गलत दिशा में वाहन या चलने से, लापरवाही से वाहन चलाने से, यातायात के नियमों की अनदेखी दुर्घटनाओं का कारण बनती है। इन सड़क दुर्घटनाओं से अनेक बार जीवन से हाथ धोना पड़ता है या फिर स्थाई रूप से विकलांगता आ जाती है। जिसकी भरपाई का कोई विकल्प नहीं है। अत: हमें सड़क पर चलते समय नियमों का विशेष ध्यान रखना चाहिये। रामचन्द्र मुलू ने कहा कि सावधानी की बचाव है, दुर्घटना से देर भली। कार्यक्रम में शाला स्टाफ विशी, मधु माथुर, वीणा सक्सेना, विक्रम राठौड़, मीतू शर्मा, दीपक शर्मा, के.सी. टाक, हंसराज रावत, स्निगधा शर्मा, सुनीता सोढ़ा, शक्ति बिश्नोई का सहयोग प्राप्त हुआ। जयवर्द्धन, जीविका, सिद्धि कंवर, गुजन रामावत, आशा कंवर, समीर खान, लक्ष्य नोवाल, यशस्वी राजपुरोहित, परी पुरी, रविन्द्र सिंह, हर्षिता बिश्नोई, भानुप्रिया, रिया राजपुरोहित तथा हुमा खान। इनके अलावा पोस्टर प्रतियोगिता में भाग लेने वाले सभी विद्यार्थियों को प्रोत्साहन पुरस्कार प्रदान किया गया।

### पप्पू को पर्यावरण बचाने का जुनून

**श्रीगंगानगर,** (कासं)। नागौर से माउंट एवरेस्ट तक का लम्बा सफर वह भी साइकिल पर। सुनने में भले ही अजीब लगे, लेकिन ऐसा ही एक जुनून लेकर घर से निकले हैं नागौर जिले के खींवसर के रहने वाले पप्पू चौधरी। पप्पू सोमवार को श्रीगंगानगर पहुंचे। यहां उन्होंने कलेक्टर रुक्मिणी रियार सिहाग और एसपी आनंद शर्मा से मुलाकात की। पप्पू पर्यावरण को बचाने का इरादा लेकर नागौर के खींवसर से एक सितम्बर को निकले। मन में पर्यावरण को बचाने का इरादा था। नेकी के इस काम के लिए साइकिल का सहारा लिया। पप्पू अब तक नागौर से जोधपुर, पाली, सिरोही, जालौर, बाड़मेर, जैसलमेर, बीकानेर होते हुए श्रीगंगानगर तक आ चुके हैं। यहां से वे हनुमानगढ़ जाएंगे। वे बताते हैं कि पर्यावरण के लिए लोग बातें करते हैं। उनका इरादा है कि वे इसे मूर्त रूप में लेकर आए। लोगों को पर्यावरण सरंक्षण से जोड़ें। लोग उन्हें देखेंगे तो पर्यावरण सरंक्षण के प्रति जागरुक होंगे। पप्पू ने बताया कि वे नागौर से निकले तो उन्होंने अपने साथ लकड़ी का एक टुकड़ा लिया। इसकी बनावट ऐसी थी जिसके सहारे वे साइकिल को खड़ी करते। वे बताते हैं कि उन्होंने अपने बैग में स्लीपिंग बैग, मैट, कपड़े, पानी की बोतल और कुछ जरूरी सामान रखा हुआ है। सितम्बर में निकले तो गर्मी का मौसम था। अब जब तक यात्रा पूरी होगी और माउंट एवरेस्ट पहुंचेंगे तो टैंप्रेचर शून्य से नीचे होगा। उसका पूरा इंतजाम बैग में रखा है। वे बताते हैं कि जब उन्हें रात में रुकने की कोई जगह नहीं मिलती तो वे सड़क किनारे ही टैंट तान लेते हैं। उन्होंने बैग में इसका भी प्रबंध रखा है।

### मॉडल स्कूल का बैंड तीसरे स्थान पर

**अनूपगढ़,** (कासं)। प्रेम नगर में स्थित स्वामी विवेकानंद राजकीय मॉडल स्कूल का बैंड पूरे राजस्थान में धूम मचा रहा है। पूरे राजस्थान के मॉडल स्कूल की क्लस्टर प्रतियोगिता में अनूपगढ़ के मॉडल स्कूल के बैंड ने तीसरा स्थान प्राप्त किया है। मॉडल स्कूल के विद्यार्थी अपनी बैंड की धुन 'सारे जहां से अच्छा हिंदुस्तान हमारा' सभी दर्शकों को मंत्रमुग्ध कर देते हैं। जो भी एक बार बैंड प्रदर्शन को देखने लगे वह इसकी सराहना किए बिना नहीं रह पाता है। अभी हाल में दौसा जिले के महुआ में आयोजित राज्य स्तरीय क्लस्टर प्रतियोगिता में प्रधानाचार्य सुभाष निर्माण के नेतृत्व में विद्यार्थियों का बैंड दल महुआ में आयोजित प्रतियोगिता में भाग लेने के लिए गया था। इस दल के साथ बैंड प्रभारी मनोज बेदी, हेमंत गोयल, दयाराम मीणा,कल्याण सिंह भी साथ थे। बैंड प्रभारी मनोज बेदी के निर्देशन में विद्यार्थियों ने बैंड की तैयारी की व अन्य अन्य अध्यापकों की देखरेख में राज्य स्तरीय प्रतियोगिता में तीसरा स्थान प्राप्त किया है। इससे पूर्व में प्रधानाचार्य पंकज जांगिड़ के कार्यकाल में राज्य स्तरीय प्रतियोगिता में मॉडल स्कूल के बैंड दल ने प्रथम स्थान प्राप्त किया था और तत्कालीन मुख्यमंत्री वसुंधरा राजे ने मॉडल स्कूल के बैंड दल की सराहना करते हुए सम्मानित किया था। पूर्व प्रधानाचार्य पंकज जांगिड़ ने मॉडल स्कूल की शुरुआत होने के बाद मॉडल स्कूल को विभिन्न प्रतियोगिताओं में अच्छा स्थान दिलवाया था और विद्यालय में नए आयाम स्थापित किए थे। जिस प्रकार विद्यालय के बैंड दल ने राज्य स्तर पर अपना परचम लहराया है उसी प्रकार शैक्षणिक कार्यों में भी विद्यालय के विद्यार्थी अपना परचम लहराते हैं। विद्यार्थियों के द्वारा परीक्षा परिणामों में उच्च अंक प्राप्त कर विद्यालय का नाम रोशन किया है। वहीं विद्यालय में संचालित अटल टिंकरिंग लैब में विद्यार्थियों के द्वारा अनुपयोगी वस्तुओं से कई उपयोगी वस्तु बनाकर राज्य स्तर पर उन्हें प्रदर्शित किया है।

# एग्री-स्टार्टअप कॉनक्लेव एवं किसान सम्मेलन आयोजित

**बीकानेर,** (कासं)। भाकृअनुप-राष्ट्रीय उष्ट्र अनुसन्धान केन्द्र द्वारा ग्रामीण क्षेत्रों के किसानों को कृषि और किसान कल्याण मंत्रालय की ओर से आज आयोजित एग्री-स्टार्टअप कॉनक्लेव एवं किसान सम्मेलन से ऑनलाइन रूप से जोड़ा गया।

आईसीएआर-आईएआरआई,नई दिल्ली में आयोजित इस कार्यक्रम का सीधा प्रसारण केन्द्र सभागार में किया गया। बीकानेर एवं कोटड़ी, कानासर, गंगाशहर, करमीसर, भीनासर, अम्बासर, लालगढ़, सालासर, झझू, झुंझुनू, देशनोक, बेलासर के लगभग 135 पुरुष एवं महिला किसानों ने शिरकत की।

पीएम किसान सम्मान निधि सम्मेलन के ऑनलाइन प्रसारित कार्यक्रम के अवसर पर प्रधानमंत्री द्वारा देशभर के किसानों को संबोधित किया गया तथा उन्हें 12 वीं किश्त के रूप में 16 हजार करोड़ रुपये हस्तांतरित किए गए। वहीं उन्होंने इस अवसर पर विभिन्न नूतन प्रौद्योगिकी, प्रधानमंत्री किसान समृद्धि केन्द्रों एवं कई परियोजनाओं का शुभारम्भ किया। उन्होंने जय जवान, जय किसान, जय विज्ञान एवं जय अनुसंधान' की भावना को लेकर कार्य करने की महती आवश्यकता जताई। इस ऑनलाइन सम्मेलन के बाद केन्द्र के निदेशक डॉ. आर्तबन्धु साहू ने कार्यक्रम के संबंध में अपने विचार रखते हुए कहा कि हमारे किसान भाईयों को भारत सरकार की कल्याणकारी योजनाओं के प्रति जागरूक बने रहने के लिए इस प्रकार के कार्यक्रमों का भरपूर लाभ लेना चाहिए। इस अवसर पर डॉ. साहू ने उष्ट्र प्रजाति के संरक्षण एवं संवर्द्धन हेतु किए जा रहे प्रयासों की जानकारी देते हुए कहा कि किसान एवं पशुपालक, ऊंट व्यवसाय से अधिकाधिक लाभ लेने हेतु इसे दुग्ध व्यवसाय के रूप में अपनाएं। क्योंकि यह औषधीय गुणों का भण्डार है।



राष्ट्रीय उष्ट्र अनुसन्धान केन्द्र के निदेशक डॉ. आर्तबंधु साहू ने एग्री-स्टार्टअप कॉनक्लेव एवं किसान सम्मेलन को संबोधित किया।

## शहीद शक्ति सिंह राठौड़ की पुण्य तिथि मनाई

**सादुलपुर,** (निसं)। शहीद शक्ति सिंह राजकीय उच्च माध्यमिक विद्यालय हडियाल में प्रधानाचार्य अशोक कुमार की अध्यक्षता में आयोजित समारोह में शहीद शक्ति सिंह राठौड की 18वीं पुण्य तिथि मनाई गई। कार्यक्रम प्रभारी इन्दु कुमार गोस्वामी ने शहीदों को नमन करते हुए कहा कि वास्तव में अपनी मातृभूमि के लिए अपना सर्वोच्च बलिदान देने वाले शहीदों के कारण ही आज हम खुशहाल जीवन यापन कर रहे हैं और राष्ट्र उन्नति के पथ पर अग्रसर है। इसलिए हमें दिल की गहराइयों से शहीदों को नमन करना चाहिए। सुभाष सिंह ने शहीद शक्ति सिंह राठौड के व्यक्तित्व और कृतित्व पर प्रकाश डाला। कार्यक्रम में दीप प्रज्ज्वलित कर श्रद्धांजलि दी गई। कार्यक्रम में सुनिधि, रेखा, राधिका शर्मा, गायत्री गुर्जर, पुष्पा कुमारी, पियूष स्वामी, नंदिनी, हरीश स्वामी, विजय कुमार, संजय धुवां, मुस्ताक अली, हरफूल सिंह, मुकेश कुमारी, कमलेश मीणा, अनिला, राजवीर, धर्मपाल, जागे राम आदि ने शहीद शक्ति सिंह अमर रहे के नारों के साथ शहीद शक्ति सिंह राठौड को सच्ची श्रद्धांजलि अर्पित की।

# अनूपगढ़ में इंडोर स्टेडियम की नींव लगाई

**अनूपगढ़,** (कासं)। आदर्श विद्या मंदिर प्रांगण में पूर्व व्यापार मंडल अध्यक्ष मुकुंद बाघला अपने पोते की स्मृति में एक इंडोर स्टेडियम का निर्माण करवा रहे हैं। जिसकी आज विधिवत तरीके से नींव रखी गई है। यह इंडोर स्टेडियम लगभग 3 महीने में बनकर तैयार हो जायेगा।

इंडोर स्टेडियम के बनने से बैडमिंटन, टेबल टेनिस के खिलाडियों को उचित सुविधाओं से युक्त इंडोर स्टेडियम मिल पायेगा। इससे युवाओं को खेलों में आगे बढ़ने का भी अवसर मिलेगा। गौरतलब है कि व्यापार मंडल के पूर्व अध्यक्ष मुकुंद बाघला के पोते पुरू बाघला (20) का आकस्मिक निधन हो गया था और उन्हें श्रद्धांजलि देते हुए इंडोर स्टेडियम की नींव रखी गई। आदर्श विद्या मंदिर के प्रांगण में बड़े क्षेत्रफल में बन रहे इंडोर स्टेडियम में तीन बैडमिंटन कोर्ट, एक टेबल टेनिस कोर्ट का निर्माण करवाया जा रहा है। इसके अलावा बिजली की उचित व्यवस्था के लिए इनवर्टर, चेंजिंग रूम, बाथरूम, शौचालय तैयार करवाए जायेंगे। व्यापार मंडल के पूर्व अध्यक्ष ने बताया कि इस स्टेडियम में तैयार होने

- पोते की स्मृति में भामाशाह बाघला करवा रहे हैं स्टेडियम का निर्माण

वाले कोर्ट इंटरनेशनल लेवल के फ्लोर मैटिंग के अनुसार तैयार करवाए जायेंगे। इनडोर स्टेडियम के निर्माण पर अनुमानित लागत 30 लाख रुपए की आयेगी। आज आदर्श विद्या मंदिर के प्रांगण में आयोजित कार्यक्रम में विधायक संतोष बावरी, पूर्व विधायक शिमला बावरी, भाजपा के युवा नेता मोहित छाबड़ा, वरिष्ठ भाजपा नेता हरनेक सिंह कलेर,व्यापार मंडल अध्यक्ष बूलचन्द चुघ, वरिष्ठ नेता भजनलाल कामरा, पुलिस उपाधीक्षक जयदेव सियाग, मनोज बाघला, लकी आहूजा,रामपाल आहूजा, मनोज गुप्ता,प्रभु दयाल बावरी, भगवानदास नागपाल, राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ के जिला संघ चालक सुरेंद्र गोयल,संघ प्रचारक कमल सिंह सहित अन्य गणमान्य नागरिक उपस्थित रहे।

# मोघों को क्षतिग्रस्त करने वालों पर कार्रवाई की मांग

**अनूपगढ़,** (कासं)। ग्राम पंचायत 20 एलएम के गांव 5, 6, 7 और 8 जेएम के टेल के किसानों के द्वारा मोघों को क्षतिग्रस्त करने वाले दोषियों के खिलाफ कार्रवाई और क्षतिग्रस्त मोघों को सीज करने की मांग को लेकर जालुवाली माइनर पर आंदोलन किया जा रहा है।

पिछले 5 दिनों से 2 किसान अनशन पर बैठे हैं और समर्थन में किसान धरना लगाकर दोषियों के विरुद्ध कार्रवाई की मांग कर रहे हैं। किसानों ने बताया कि 10 अक्टूबर को नाईयावाली के माइनर 10 एलएम, 8 एलएम और 12 एलएम के मोघो को क्षतिग्रस्त करने के आरोप में सिंचाई विभाग के अधिकारियों द्वारा दोषी किसानों के खिलाफ घड़साना थाना पुलिस थाना में मुकदमा दर्ज करवाया गया था। लेकिन अभी तक इस मामले

- किसानों ने उग्र आंदोलन की चेतावनी दी

में दोषियों के खिलाफ कोई भी कार्रवाई नहीं हुई है। दोषियों के खिलाफ अभी तक कोई भी कार्रवाई नहीं होने पर आंदोलनकारी किसानों ने प्रशासन को शीघ्र ही दोषियों के खिलाफ कार्रवाई नहीं करने पर आंदोलन को तेज करने की चेतावनी दी है। घड़साना के थाना अधिकारी जितेन्द्र स्वामी ने बताया कि मोघों को क्षतिग्रस्त के आरोप में सिंचाई विभाग द्वारा अज्ञात किसानों के खिलाफ मामला दर्ज करवाया गया है। इस मामले की जांच की जा रही है। दोषियों के जो भी नाम सामने आयेगा उनके खिलाफ कार्रवाई की जायेगी।

## युवक बेहोश मिला

**खेतड़ी,** (निसं)। मेहाड़ा के गोगाजी की बणी में एक युवक ने जहरीला पदार्थ खाकर आत्म हत्या करने का प्रयास किया। लेकिन समय पर पुलिस को सूचना मिलने पर युवक को तुरंत प्रभाव से राजकीय अजीत अस्पताल भर्ती करवाया।

हेंड कांस्टेबल हरिसिंह ने बताया कि थाने में चौधरियों की ढाणी तन डाडा फतेहपुरा निवासी बिजेंद्रसिंह निर्वाण के परिजनों ने सूचना दी कि बिजेंद्रसिंह निर्वाण वीडियो कॉल करके बताया कि उसने जहरीला पदार्थ खा लिया है। बचाना चाहते हो तो आ जाओ। सूचना पर युवक के फोन लोकेशन के आधार पर मेहाड़ा के गोगाजी मंदिर के पास बणी में झाड़ियों के पास युवक घायल अवस्था में मिला। जिसको तुरंत प्रभाव से अजीत अस्ताल में भर्ती करवाया। जहां पर उसका उपचार किया जा रहा है। नितिनसिंह निर्वाण ने बताया कि बिजेंद्रसिंह परिवार में भाई लगता है। उसने फोन करके बताया कि वह एल्ड्रीन पीली बचाना चाहते हो तो जल्दी से आ जाओ।

# 19 साल तक के विद्यार्थियों को खिलाई कृमिनाशक दवा

**हनुमानगढ़,** (कासं)। जिले में कृमि मुक्ति दिवस आयोजित किया गया। इस मौके पर 1 से 19 साल तक की उम्र के सभी बच्चों, किशोर, किशोरियों को कृमिनाशक दवा एलबेंडाजोल खिलाई गई।

पेट में कीड़े (कृमि) से निजात दिलाने वाली यह दवा सभी स्कूलों, कॉलेजों और आंगनबाड़ी केन्द्रों पर निशुल्क बांटी गई। राष्ट्रीय कृमि मुक्ति दिवस का जिला स्तरीय कार्यक्रम जंक्शन स्थित नवज्योति विकलांग कल्याण एवं पुनर्वास संस्थान में आयोजित किया गया। इस मौके पर कलेक्टर नथमल डिडेल ने छोटे बच्चों को अल्बेंडाजोल की दवा खिलाई।

इस मौके पर जिला कलेक्टर नथमल डिडेल ने कहा कि प्रशासनिक मशीनरी की ओर से यह सुनिश्चित किया जा रहा है कि आंगनबाड़ी केन्द्रों, स्कूल और स्वास्थ्य केन्द्रों पर आने वाला कोई भी बच्चा अल्बेंडाजोल की दवा खाने से वंचित न रहें।

- पेट में कीड़ों से निजात दिलाने वाली यह दवा सभी स्कूलों, कॉलेजों और आंगनबाड़ी केन्द्रों पर निशुल्क बांटी गई

यह दवा खाने से वंचित रहे बच्चों को मंगलवार को अल्बेंडाजोल की दवा खिलाई जायेगी।

अल्बेंडाजोल की दवा खिलाने का उद्देश्य बच्चों का पेट नुकसानदायक कृमि से मुक्त हो ताकि बच्चे का स्वास्थ्य अच्छा रहे। सीएमएचओ डॉ. नवनीत शर्मा ने बताया कि बच्चों के पेट में कृमि संक्रमण एक आम संक्रमण है।

इसके कारण पेट की आंतों में कृमि उत्पन्न होने से शरीर के पोषक तत्वों को वह खा जाते हैं और इसके कारण खून की कमी और कुपोषण के साथ ही शारीरिक और मानसिक विकास पर विपरीत प्रभाव पड़ता है। उन्होंने बताया कि महिला बाल विकास विभाग, शिक्षा विभाग, स्वास्थ्य विभाग और स्वयंसेवी संस्थानों के सहयोग से यह कार्यक्रम संचालित किया गया।

# कलेक्टर ने सादुलगंज स्कूल में बच्चों को पेट के कीड़ों की गोली खिलाई

**बीकानेर,**(कासं)। राष्ट्रीय कृमि मुक्ति दिवस के अवसर पर सोमवार को जिलेभर में स्वास्थ्य केन्द्रों, सरकारी-निजी विद्यालयों, महाविद्यालयों, मदरसों और आंगनवाड़ी केन्द्रों में बच्चों को कृमिनाशक दवा एल्बेंडाजोल खिलाई गई। जिले में लगभग 12 लाख बच्चों को डीवर्मिंग गोली खिलाने का लक्ष्य निर्धारित है।

जिला मुख्यालय से लेकर ग्राम स्तर तक आयोजित कार्यक्रमों में जनप्रतिनिधियों, शिक्षकों व चिकित्सकों ने भाग लिया और बच्चों को गोली खाने को प्रेरित किया। 1 से 2 वर्ष आयु के बच्चों को 400 मिलीग्राम की आधी गोली और 2 से 19 वर्ष तक के बच्चों-किशोरों को पूरी एक गोली खाने को दी गई।

जिला कलेक्टर भगवती प्रसाद कलाल ने सादुल गंज स्थित राजकीय उच्च माध्यमिक विद्यालय में आयोजित जिला स्तरीय कार्यक्रम में बच्चों को गोली खिलाकर अभियान का उद्घाटन किया। जिला कलेक्टर ने कहा कि पेट में कीड़े रहेंगे तो आपका खाया खाना वो खा जायेंगे और आप कमजोर ही रह जाओगे। इसलिए आज सभी बच्चे गोली खाएं और अपने घर परिवार में भी सबको बताएं। जरूरी है इसलिए साल में दो गोली खिलाई जाती है।

उन्होंने जंक फूड की जगह हरी सब्जियां व फल खाने को प्रेरित किया। सीएमएचओ डॉ मोहम्मद अबरार पंवार ने कहा कि शरीर में कृमि संक्रमण से शरीर और दिमाग का सम्पूर्ण विकास नहीं होता और हमेशा थकावट लगती रहती है। इसलिए ध्यान रहे कि एक भी बच्चा गोली खाने से ना छूटे। कुपोषण से बचाव के लिए सभी बच्चों-किशोरों को ये गोली जरूर खानी चाहिए।

डिप्टी सीएमएचओ परिवार कल्याण डॉ योगेन्द्र तनेजा ने बताया कि कृमि संकमण से बचाव के लिये खुली जगह में शौच नहीं करना चाहिए। खाने से पहले और शौच के बाद साबुन से हाथ धोना चाहिए। फलों और सब्जियों को खाने पहले पानी से अच्छी तरह धोना चाहिए। इस अवसर पर प्रिंसिपल विमला सोनी, वरिष्ठ अध्यापक जितेन्द्र पारीक, जिला आई.ई.सी. समन्वयक मालकोश आचार्य, एएसओ नवनीत आचार्य मौजूद थे।



कीकानेर कलेक्टर भगवती प्रसाद कलाल ने सादुलगंज स्कूल में कृमि मुक्ति कार्यक्रम का शुभारंभ किया।

- 1 से 2 वर्ष आयु के बच्चों को 400 मिलीग्राम की आधी गोली खिलाई

# खराब दूध, 28 किलो मावा एवं 4 किलो बर्फी को नष्ट कराया

**हनुमानगढ़,** (कासं)। जिले में सोमवार को शुद्ध के लिए युद्ध अभियान के खण्ड नोहर में खाद्य सामग्री बनाने व बेचान करने वाले संस्थानों पर निरीक्षण की कार्यवाही कर खाद्य सामग्री के पांच सैम्पल भरे गए। निरीक्षण के दौरान 70 लीटर खराब दूध, 28 किलो दूषित मावा एवं चार किलो डोडा बर्फी मौके ही नष्ट की गई।

मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी डॉ. नवनीत शर्मा ने बताया कि खाद्य आयुक्त सुनील शर्मा एवं जिला कलेक्टर नथमल डिडेल के निर्देशन में खाद्य पदार्थों में मिलावट पर अंकुश लगाने के लिए खण्ड नोहर में खाद्य सामग्री का निर्माण एवं विक्रय करने वाले संस्थानों पर निरीक्षण की कार्यवाही की गई तथा पांच सैम्पल भरे गए।

निरीक्षण दल में जिला खाद्य सुरक्षा अधिकारी जयसिंह यादव, सरस डेयरी से टैक्नीशियन दलीप सिंह ने खाद्य सामग्री को बनाने एवं बेचान करने वाले संस्थानों की जांच की एवं सैम्पल एकत्र किए। डॉ. शर्मा ने बताया कि आज मै. सत्यम डेयरी से दूध, मै. कृष्णा डेयरी से मीठा मावा, मै. जय कृष्णा मिल्क एण्ड मिल्क प्रोडक्ट से पनीर व घी तथा मै. कंचन डेयरी से कलाकंद का नमूना भरा गया। उन्होंने बताया कि समस्त दुकानों को खाद्य सामग्री के सभी माणक के अनुरुप मिठाई बनाने, उसे साफ एवं सुरक्षित जगह पर स्टोर पर रखने, डिब्बे का माप अलग से सहित साफ-सफाई के बारे में निर्देश दिए गए। उन्होंने बताया कि आज कार्रवाई में करीब 70 लीटर दूध खट्टा पाया गया, जिसे मौके ही नष्ट करवाया गया।



हनुमानगढ़ में खराब दूध को मौके पर ही स्वास्थ्य विभाग की टीम ने नष्ट करवाया।